बिहार में राज्य राजमार्गों के उन्नयन के लिये एडीबी और भारत सरकार द्वारा 295 मिलियन डॉलर के ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2023 को बिहार में लगभग 265 किलोमीटर राज्य राजमार्गों को जलवायु और आपदा प्रतिरोधी डिजाइन और सड़क सुरक्षा कारकों के साथ उन्नत बनाने के लिये एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने 295 मिलियन डॉलर के ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- बिहार सड़क परियोजना में कनेक्टिविटी और स्थिरता बढ़ाने से संबंधित इस समझौते पर भारत सरकार की ओर से आर्थिक कार्य विभाग के अपर सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने और एडीबी की ओर से भारत में एडीबी के देश निदेशक ताकेओ कोनिशी ने हस्ताक्षर किये।
- यह परियोजना सभी राज्य राजमार्गों का मानक दो-लेन चौड़ाई में उन्नयन करने और सड़क सुरक्षा में सुधार लाने संबंधी बिहार सरकार के कार्यक्रम में सहायता करेगी। उन्नत सड़कें बिहार के कुछ सबसे गरीब ग्रामीण ज़िलों में कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं और बाज़ारों तक पहुँच को बढ़ावा देंगी।
- भारत में एडीबी के देश निदेशक ताकेओ कोनिशी ने कहा कि सड़कों का उन्नयन करने के अलावा, एडीबी परियोजना राज्य सड़क एजेंसी के प्रबंधन और कार्यान्वयन क्षमता को बढ़ाने के पहले के प्रयासों पर आधारित होगी और योजना, सड़क सुरक्षा और स्थिरता के लिये प्रणालियों को मज़बूती प्रदान करेगी।
- राज्य सड़क एजेंसी, बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड को मजबूत बनाने संबंधी पहल में सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली विकसित करना शामिल होगा, जिसमें जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम की जानकारी, पुन: प्रयोज्य और टिकाऊ सामग्री सहित सामग्रियों की जाँच को सक्षम बनाने के लिये बिहार सड़क अनुसंधान संस्थान में अनुसंधान प्रयोगशालाएँ स्थापित करना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये, भीड़भाड़ प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन पर अध्ययन करना और सड़क सुरक्षा उपायों में जेंडर-समावेशी प्रथाओं के लिये दिशानिर्देश बनाना सम्मिलित होगा।
- निर्माण कार्यों में महिला श्रमिकों को रोजगार प्रदान करके यह परियोजना महिलाओं की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगी। परियोजना क्षेत्रों में समुदायों की महिलाओं को आजीविका के साथ-साथ सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के बारे में जागरूक बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि 2008 से एडीबी ने बिहार को लगभग 1,696 किलोमीटर राज्य राजमार्गों के उन्नयन और गंगा नदी पर एक नए पुल के निर्माण के लिये कुल 1.63 बिलियन डॉलर के पाँच ऋण प्रदान किये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adb-goi-sign-295-million-loan-agreement-to-upgrade-sh-in-bihar